तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
इंजीनियरिंग की छात्रा को न्याय दिलाने, सड़क पर उतरे लोग, किया एमपी के सीएम का पुतला दहन




## खबर संक्षेप

### वन कर्मचारी संघ का चुनाव 6 को

**कोरबा।** छग वन कर्मचारी संघ की कोरबा जिला इकाई का चुनाव आगामी 6 जुलाई को होगा। यहां अध्यक्ष पद पद के लिए कमलेश कुम्हार एवं बलराम कुर्रे के बीच मुकाबला है। दोनों ने अपनी दावेदारी पेश करने के साथ प्रचार प्रसार तेज कर दिया है तथा सदस्यों से अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हुए है। इससे पहले संघ की 29 जून को आमसभा बुलाई गई थी, जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के चयन के संबंध में चर्चा की गई लेकिन किसी नाम पर आम सहमति नहीं बन पाने के कारण चुनाव की स्थिति बनी है और इसके लिए 6 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। इस दिन चुनाव होगा और वोटो की गिनती के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। चुनाव संघ के जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी कु. आरती तिर्की तथा पर्यवेक्षक परवेन्द्र कुमार रजक की देखरेख में होगा। छग कर्मचारी संघ का चुनाव पूरे प्रदेश में 3 चरणों में हो रहा है। यह तीसरा चरण का चुनाव है जिसमें कोरबा जिला शामिल है। इससे पहले दो चरणों में अधिकाशं जिलों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर वन कर्मियों में खासा उत्साह है।

### धर्म गुरु बालदास साहब 6 को जिले में लेंगे धर्मसभा

**कोरबा।** सतनाम धर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्म गुरु बालदास साहब 6 जुलाई को कोरबा कुसमुंडा स्थित सतनाम भवन में सतनाम धर्म महासभा के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सतनाम धर्म महासभा का गठन किया गया है, इस महासभा के अंतर्गत समाज के बौद्धिक अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में जुड़ते जा रहे हैं क्यूंकि इस संगठन के बैनर तले समाज में आर्थिक शैक्षणिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास के हर पहलुओं पर चिंतन किया जा रहा है और इस कार्यक्रम को अमली जामा पहनाने के लिए धर्म गुरु बालदास साहब जगह जगह बुद्धिजीवियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की बैठकें ले रहे हैं, इसी कड़ी में कोरबा में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

### बैडमिंटन स्टार आकर्षी की शानदार जीत

**कोरबा।** भारतीय बैडमिंटन स्टार आकर्षी कश्यप ने थाईलैंड ओपन 2025 के अपने पहले मैच में जापान की विश्व की नंबर 37 काओरु सुगियामा को रोमांचक मुकाबले में 21-16, 20-22, 22-20 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। एनटीपीसी कोरबा की सीएसआर पहल के तहत मिले समर्थन के साथ आकर्षी कश्यप ने तीन तीव्र गेमों तक चले इस मुकाबले में धैर्य, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। यह जीत उनके लिए वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में एक सशक्त शुरूआत का संकेत है। आकर्षी ने कहा कि मैं बैंकॉक में अपना पहला राउंड जीतकर बेहद खुश हूं। यह एक कठिन मुकाबला था, लेकिन मुझे मिले समर्थन के लिए मैं आभारी हूं। मैं इस सकारात्मक लय को आगे भी बनाए रखने के लिए उत्सुक हूं। अब वह थाईलैंड की विश्व नंबर 9 खिलाड़ी सुपनिधा कातेथोन के खिलाफ दूसरे दौर के एक उत्साहजनक मुकाबले में उतरेंगी।

### एकमुश्त चावल वितरण अब 31 जुलाई तक

**कोरबा।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जून से अगस्त का एकमुश्त चावल वितरण की समयावधि 31 जुलाई तक वृद्धि की गई है। जिले के सभी उचित मूल्य दुकानों को माह जून से अगस्त तक का चावल वितरण की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया है।


शहर से महज 3 किलोमीटर दूर दादर नाला में कुछ इस तरह पुल के ऊपर बह रहा था पानी।


बालको मार्ग में पानी भरने से राहगीर हुए हलाकान।

## लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जिले में बरपाया कहर

# आफत की बारिश: घरों में घुसा पानी, नदी-नाले उफान पर, संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है, लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर है, कुछ जगहों पर संपर्क टूट गया है। घंटों हुई बारिश ने निगम की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। शहर के कई वार्डों में बारिश का पानी घरों में घुस गया। विशेषकर निचली बस्तियों में नालियों का कचरा व सीवरेज की गंदगी के साथ बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। बस्तीवासी घरों से पानी निकालते नजर आए। वहीं कुछ लोग मकानों से समान भी शिफ्ट करते देखे गए।

**खास बात**

- निगम क्षेत्र के कई वार्डों में घुसा सीवरेज का पानी, सामान शिफ्ट करते नजर आए लोग

गुरुवार की सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से लोगों का दैनिक जीवन रुक सा गया। स्कूली बच्चों को जहां स्कूल जाने में देरी हुई। वहीं लोगों को अपने अपने दफ्तर जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। भारी बारिश से पूरे जिले में जगह-जगह जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है। शहर के मुख्य मार्ग के अलावा पंडित रविशंकर शुक्ला नगर, डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर, लालू राम कॉलोनी, दादर बस्ती और चिमनी भट्टा क्षेत्र के 30 मकान में बारिश का पानी घरों में जा घुसा। दादर बस्ती और पंडित रविशंकर शुक्लनगर के नाला के ऊपर से बारिश का पानी बहाने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि हर वर्ष बारिश के मौसम में यह स्थिति निर्मित होती है लेकिन उसके बावजूद भी नगर निगम और ना ही जन प्रतिनिधि ध्यान देते हैं। यही हाल राताखार, मोतीसागर पारा एवं अन्य निचली बस्तियों का भी है जहां जलभराव की स्थिति निर्मित है। वार्ड नंबर 12 चिमनीभट्ठा में नालियों का कचरा और सीवर की गंदगी के साथ बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया है। इससे वार्ड नंबर 12 चिमनीभट्ठा में जलभराव की स्थिति बन गई है। बस्तीवासियों के मुताबिक यह समस्या हर बरसात में आती है, लेकिन न तो नगर निगम और न ही प्रशासन इस ओर ध्यान देते हैं। बारिश का पानी घरों में घुसने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई। कोई घरों से पानी बाहर निकालते नजर आया तो कोई सामान शिफ्ट करता नजर आया। इस बस्ती में लगभग 25 से 30 घर प्रभावित हुए हैं। जल निकासी की अनुचित व्यवस्था के कारण यह समस्या बनी हुई है।


बस्ती के भीतर पानी भरने से स्थिति कुछ इस तरह हुई थी निर्मित।

### शांतिनगर में चक्काजाम, महापौर ने लिया जायजा

बारिश की वजह से बालको नगर के शांतिनगर बस्ती भी जलमग्न हो गया, जिससे लोगों के घरों में पानी भर गया। इससे आक्रोशित बस्तीवासियों ने बालको रिंग रोड में चक्काजाम शुरू कर दिया। बस्तीवासियों मांग कर रहे थे कि बालको प्रबंधन व प्रशासन बड़ा नाली बनाकर जल निकासी की व्यवस्था करे, जब तक हमारी समस्या का समधान नहीं हो पाता हम अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। चक्काजाम की सूचना मिलने पर महापौर संजूदेवी राजपूत व निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रभावित बस्तीवासियों से मिलकर स्थिति का जायजा लेते हुए नुकसान की जानकारी जुटाई। उन्होंने वार्ड पार्षद व नागरिकों से समन्वय बनाकर जल की तत्काल निकासी कराई। इसी प्रकार महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर में भ्रमण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया तथा कहीं भी जलभराव की स्थिति देखी, उसकी तत्काल निकासी की व्यवस्था करने निगम के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### दादर नाले ने दिखाया अपना रौद्र रूप

बरसात का मौसम होऔर दादर नाले की बात ना हो ऐसा तो पिछले कई वर्षों से हुआ नहीं है तो इस बार कैसे होता। लगातार हो रही झमाझम बारिश के कारण दादर नाला हमेशा की तरह उफान पर है। पुल के ऊपर से नदी का पानी बह रहा था। चार पहिया वाहन चालक तो रिस्क लेकर आना-जाना कर रहे हैं, लेकिन दोपहिया वाहन चालकों को भयभीत होकर दूसरा रास्ता पकड़ना पड़ा। इसी तरह ढेंगुरनाला भी उफान पर था, नदी के तटबंध डूब गए।

### रेलवे के काम में लगा मजदूर बहा, तलाश जारी



कटघोरा थाना क्षेत्र के कोरबी गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। रेलवे ट्रैक में काम कर रहा एक मजदूर तेज बहाव वाले नाले में बह गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और प्रशासन व स्थानीय लोग खोजबीन में जुटे हुए हैं। झारखंड के पलामू जिला निवासी उदय कुमार सिंह पिता राजकुमार सिंह गेवरा से डोंगरगढ़ के बीच बिछाई जा रही नई रेलवे लाइन के कार्य में लगा हुआ था। गुरूवार की दोपहर को वह कोरबी गांव में पुलिया निर्माण स्थल के नीचे काम कर रहा था, तभी तेज बारिश के कारण नालों में पानी का स्तर बढ़ गया, जिसके बहाव में आकर वह नाले में बह गया। उदय कुमार के लापता होने के बाद प्रशासन व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्रशासन ने आम लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है और नालों व पुल-पुलियों के पास जाने से मना किया है। कटघोरा क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कें जलमग्न हो गई हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में नदी-नालों के उफान पर होने से खतरा और बढ़ गया है। प्रशासन ने हालात को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। वहीं, लापता मजदूर की तलाश भी युद्ध स्तर पर जारी है।

### बालको क्षेत्र में भी पानी का कहर



दूसरी ओर बालको के वार्ड क्रमांक 45 में भी यही हाल है। नली का पानी घरों में घुस आया है। लोग खाद्य सामान समेत घर के बर्तन लेकर बाहर निकलते नजर आए। बताया जा रहा की नाली की मरम्मत नहीं होने से ये हाल हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इसकी जानकारी कई बार वार्ड के पार्षद और महापौर को दी गई है, बावजूद इसके अब तक कोई देखने तक नहीं आया, लोग यहां गंदगी और गंध दोनों से परेशान है। बालको मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रासिंग व प्रोजेक्ट गेट के बीच की सड़क का कुछ हिस्सा पानी में डूब गया, जिससे यहां दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही।

# 8 घंटे में बांगो बांध का 3 फीसदी बढ़ गया जलस्तर, अलर्ट जारी


हसदेव दर्री बराज से पानी छोड़े जाने के बाद हसदेव नदी का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले 24 घंटे से जिले और आसपास के पड़ोसी जिले में झमाझम हो रही बारिश ने जनजीवन को पूरा अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश की रफ्तार इतनी तेज थी कि बांगो बांध का जलस्तर महज 8 घंटे में 3 फ़ीसदी बढ़ गया। इससे आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि बारिश की रफ्तार कितनी तेज रही होगी। बांध का जलस्तर पिछले 8 घंटे में बढ़कर 33 फ़ीसदी तक जा पहुंचा है। जैसे-जैसे बांगो बांध जल स्तर बढ़ रहा है जल संसाधन विभाग के अफसरों के चेहरे पर मुस्कान साफ झलक रही है क्योंकि गर्मी के दिनों में बांगो बांध का जलस्तर बहुत कम हो गया था जिससे विभाग का टेंशन भी बढ़ गया था लेकिन अब एक बार फिर से बारिश शुरू होते ही बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध का वाटर लेवल 359.66 मीटर है जो गर्मी के दिनों में किसानों को रबी फसल के लिए और संयंत्र को पानी देने की वजह से इस बार बांगो बांध का जलस्तर लगभग 25 फ़ीसदी तक जा पहुंचा था जिससे जल संसाधन विभाग का टेंशन बढ़ गया था। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से धीरे-धीरे बढ़ रहा था और लगभग पिछले एक सप्ताह के दौरान यह जलस्तर 30 फ़ीसदी जा पहुंचा था लेकिन पिछले 24 घंटे से बांगो बांध और बांध के कैचमेंट इलाके और जिले में हो रही झमाझम बारिश के चलते पिछले 8 घंटे के भीतर बांगो बांध का जल स्तर लगभग 3 फ़ीसदी बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे बांगो बांध का वाटर लेवल 345.60 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जलभराव का 33 फीसदी है। बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में अच्छी बारिश हो रही है जिसके चलते 8 घंटे में तेजी से 3 फ़ीसदी वाटर लेवल बढ़ा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार की रात यदि इसी रफ्तार से पानी आता रहा तो वाटर लेवल 35 से 40 फीट तक पहुंचाने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि हाइडल प्लांट को महज 2 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे 250 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है।

**खास बात**

- हाईडल प्लांट को मात्र 2 घंटे ही किया जा रहा संचालित

### बारिश से दर्री डेम लबालब, दो गेट खोलकर 21 हजार क्यूसेक छोड़ा गया पानी

पिछले 24 घंटे से जिले में हो रही लगातार बारिश की वजह से हसदेव दर्री बराज का वाटर लेवल बढ़ गया जिसकी वजह से रात को ही हसदेव दर्री बराज के गेट खोलने की नौबत आ गई और गेट खोलना पड़ गया लेकिन गेट खोलने के बाद भी वाटर लेवल मेंटेन नहीं हुआ जिसके बाद पुनः दर्री बराज के दो गेट खोलकर हाइट बढ़ाई गई और आज सबसे ज्यादा 21 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा गया। जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक हसदेव दर्री बराज का वाटर लेवल 941 फीट लगातार बना रहता है। लगातार बारिश की वजह से शुक्रवार की रात हसदेव दर्री बराज का वाटर लेवल काफी बढ़ गया जिसके बाद बरॉज का एक गेट खोला गया और वाटर लेवल को मेंटेन करने का प्रयास किया गया। सुबह लगभग 1 बजे तक एक गेट के माध्यम से ही पानी छोड़कर वाटर लेवल को मेंटेन किया जा रहा था लेकिन आज बांगो बांध और अन्य सहायक नदियों से लगातार पानी आने की वजह से हसदेव दर्री बराज में वाटर लेवल और तेजी से बढ़ता गया जिसकी वजह से जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने दोपहर लगभग 1:30 बजे गेट नंबर 7 को 10 फीट और गेट नंबर 12 को 6 फीट खोलकर कुल 21 हजार 155 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा था। जिसके बाद देर शाम लगभग 6 बजे पानी गिरना जब बंद हुआ तो किसी तरह वाटर लेवल मैनेज हुआ। जिसके बाद दोनों गेट की हाइट कम की गई और देर शाम लगभग 7 बजे लगभग 10 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा था। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि वाटर लेवल इसी तरह मेंटेन रहा तो देर रात तक गेट को बंद किया जाएगा अन्यथा यदि वाटर लेवल इसी तरह आता रहा तो गेट की हाइट फिर से बढ़ाई जा सकती है।

# सर्वमंगला मंदिर से कनबेरी नहर मार्ग बारिश से हुआ जर्जर


कनकी कनबेरी मार्ग जहां भर गया था पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर से कनबेरी नहर मार्ग की हालत बारिश होने के कारण अत्यंत भयावह स्थिति पैदा हो गई है। दो पहिया वाहन चालकों को अत्यंत परेशानियों व जान जोखिम डालकर गुजरना पड़ रहा हैं। एसईसीएल खदान द्वारा मिट्टी का जो पहाड़ था उसको तोड़कर समतलीकरण किया गया है, उस मिट्टी के बहाव होने से नहर सड़क मार्ग पर दो पहिया वाहन का फिसलने का डर बना रहता है, क्योंकि नहर रोड में बारिश के पानी से भरा हुआ है ऊपर से बड़े भारी वाहन हाईवे कोयला से भरे ट्रैकों का तेज रफ्तार गति से चलने के साथ सर्वमंगला से कनबेरी नहर सड़क मार्ग में स्ट्रीट लाइट का नहीं होना, ब्रेकर गति अवरोध ना होना, बारिश का पानी जो नहर सड़क पर भराव हो रहे हैं। नहर सड़क मार्ग पर चलने वाले दो पहिया एवं छोटे वाहनों के लिए दिक्कतें, जान जोखिम डालने जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शासन, प्रशासन, एसईसीएल व विभाग से मांग की जा रही है कि सर्वमंगला मंदिर से कनबेरी नहर मार्ग में मिट्टी का पहाड़ जो तोड़कर समतलीकरण कराया गया है वहां पर पानी का जमाव और कीचड़ होने के कारण दो पहिया वाहनों में फिसलने का डर बनी रहती है और वहां पर सुधार कार्य कराया जाए या मिट्टी मेड़नुमा आकार बनाया जाए ताकि पहाड़ का पानी नहर सड़क मार्ग पर ना बहे।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक में भिड़ंत एक की मौत



**बिलासपुर।** दो बाइक के बीच आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, बलरामपुर तिरकुंडा महावीरगंज निवासी राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. विनोद गुप्ता 23 साल बुधवार की रात 12.30 बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 बीक्यू, 9710 से महावीरगंज लौट रहे थे। मदनपुर के पास नेशनल हाइवे में पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएस, 9742 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से राकेश कुमार गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई मुकेश गुप्ता की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नहाते समय नाल में डूब का बालक की मौत

**बिलासपुर।** नहाते समय नालेका बहाव तेज होने पर एक बालक की नाला में डूबकर मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, ग्राम रिंगवार निवासी जितेन्द्र पैकरा पिता दशरथ पैकरा 15 साल गांव के नाला में नहा रहा था। अचानक पानी का बहाव तेज होने से चपेट में आकर बह गया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने नाला में तलाश की तो उसकी झाड़ियों में फंसी लाश मिली। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### अश्लील मैसेज करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** वाट्सएप में अश्लील मैसेज भेजकर दो पीड़िताओं को बदनाम करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर को क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई उनके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम में दोस्ती कर जबरदस्ती मिलने के लिए दबाव बनाया। उन्होंने मना किया तो अश्लील वीडियो व फोटो भेजकर प्रसारित करने की धमकी देने लगा। पुलिस ने जांच के बाद अम्बिकापुर दरिमा कमकालो निवासी निखिल दुबे पिता अयोध्या प्रसाद दुबे 32 साल को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी घटना में 6 फरवरी 2025 को एक पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। पूर्व में वह प्रमोद नवरत्न के खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट लिखाई थी। जिससे उसका साथी अजीत धृतलहरे नूतन चौक में रास्ता रोककर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया। मना करने पर धमकी देते हुए फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर बदनाम किया गया था। पुलिस ने आरोपी मुंगेली फास्टरपुर अमलीडीह निवासी अजीत कुमार पिता उतरा धृतलहरे 35 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा तस्करीः महिला ओडिशा से गिरफ्तार



**बिलासपुर।** गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने ओडिशा में दबिश देकर मुख्य सप्लायर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत थाना टीआई गोपाल सतपथी ने बताया,15 मई को मटियारी निवासी बाल कृष्ण सिसोदिया उर्फ अर्जुन, देवकुमार सूर्यवंशी को पकड़कर 22 किलो 345 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। दोनों से पूछताछ करने के बाद एण्ड टू एण्ड कार्रवाई के तहत पुलिस ने ओडिशा में दबिश देकर गांजा की मुख्य सप्लायर बिरनरसिंह मौपड़ा बौध ओडिशा सनिवासी मिनाती साहू पति दशरथ साहू 40 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### एक और स्पेशल ट्रेन चलेगी दुर्ग से पटना के बीच 7 से

बिलासपुर। एक दिन पहले रेल प्रशासन ने दुर्ग से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके बाद यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए एक और स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 जुलाई से करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 08797 दुर्ग-पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 7, 14, 21, 28 जुलाई को प्रति सोमवार और विपरीत दिशा में पटना से 08798 नम्बर के साथ पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल बनकर 8, 15, 22, 29 जुलाई को प्रति मंगलवार को चार फेरे के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन दुर्ग से 13.15 बजे रवाना होकर रायपुर, भाटापारा होकर बिलासपुर दोपहर 15.55 बजे होते हुए पटना दूसरे दिन 15.30 बजे पहुंचेगी।

---

**नगर निगम** | अप्रैल माह में हुई थी पहली सामान्य सभा, अभी न तो तिथि निर्धारित हुई और न कोई तैयारी चल रही

# सामान्य सभा को लेकर खींचतान, सभापति व मेयर आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




नगर निगम में सामान्य सभा को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। निगम सभापति विनोद सोनी ने सामान्य सभा आयोजित करने के लिए अभी तक तीन बार पत्र लिख चुके हैं, लेकिन इसे लेकर अभी न तो तिथि निर्धारित हुई है और न ही कोई तैयारी चल रही है।

नगर निगम में भाजपा की सत्ता है और भाजपा के महापौर सहित पार्षदों की संख्या भी अधिक है। निगम चुनाव और शपथ ग्रहण के बाद पहली सामान्य सभा 16 अप्रैल को हुई थी, जिसमें निगम का बजट पास हुआ था। इस तरह सामान्य सभा हुए यह तीसरा माह बीत रहा है। इस बीच सामान्य सभा को लेकर खींचतान चालू हो गई है। सभापति ने अब तक तीन बार सामान्य सभा आयोजित करने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पहला पत्र 27 मई को लिखा था, उसके बाद जून माह में 12 व 20 जून को दो पत्र लिखे हैं। महापौर श्रीमती पूजा विधानी फिलहाल सामान्य सभा बुलाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए सभापति के पत्र पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है और न ही सामान्य सभा को लेकर कोई सुगबुगाहट दिखाई दे रही है।

### पत्र में इन विषयों का हवाला

सभापति श्री सोनी ने अपने पत्र में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 27 में निहित प्रावधानों का उल्लेख करते हुए प्रत्येक दो माह के अंतराल में सामान्य सभा की बैठक किए जाने की बात कही है। उनके अनुसार वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है और बारिश से जगह-जगह नालियां जाम होने से जलभराव की समस्या सामने आ रही है। इसके साथ ही वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम तथा दूषित पेयजल से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम अन्य मांग, समस्याओं के समाधान तथा सामान्य सभा के लिए विचार एवं निर्णय के लिया जाना चाहिए। पूर्व परिषद द्वारा जाति संबंधित अनेकों प्रस्ताव जो मेयर इन काउंसिल स्वीकृत होकर सामान्य सभा के लिए अनुशंसित है और वर्तमान परिषद से मेयर इन काउंसिल से सामान्य सभा के लिए अनुशंसित अनेक विषय लंबित हैं।

### कांग्रेस शासनकाल में एक साल नहीं हुई थी सामान्य सभा

नगर निगम में पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस सत्ता में थी और कांग्रेस के महापौर रामशरण यादव एवं सभापति शेख नजरूद्दीन रहे। लेकिन पूरे कांग्रेस शासनकाल में भी निगम में सामान्य सभा को लेकर खींचतान चलती रही। कांग्रेस के समय 29 फरवरी 2024 को अंतिम सामान्य सभा हुई थी, उसके बाद सभापति श्री नजरूद्दीन कई बार सामान्य सभा बुलाने पत्र लिखे। यहां तक कांग्रेस के पार्षदों ने नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा-30 के प्रावधानों का हवाला देते हुए मांग की थी कि महापौर को अध्यक्ष के असमर्थ होने पर स्वास्थ्यगत कारण से यह शक्ति प्राप्त है कि एक तिहाई पार्षदों के पत्र पर विशेष सम्मेलन, सामान्य सभा आयोजित किया जा सकता है। कांग्रेस के पार्षदों ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र भी महापौर रामशरण यादव को दिया था, जिसे महापौर ने निगम आयुक्त को भेज दिया था। इस तरह कांग्रेस महापौर और पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया और सामान्य सभा नहीं हो पाई।

### दो माह में होनी चाहिए सामान्य सभा

नगर पालिक अधिनियम में प्रत्येक दो माह में सामान्य सभा कराने का प्रावधान है। इसके अलावा बरसात आ गई है, जिससे जलभराव की समस्या एवं पूर्व के जाति प्रमाण पत्र जैसे विषय लंबित हैं, जिन पर सामान्य सभा में अनुमोदन होना है, इसलिए सामान्य सभा बुलाने पत्र लिखा गया है।

**-विनोद सोनी**
सभापति, नगर निगम

### अभी कोई तैयारी नहीं है

सामान्य सभा को लेकर अभी कोई तैयारी नहीं है, क्योंकि इसके लायक अभी कोई एजेंडा भी नहीं है। इसके अलावा नगर निगम में सामान्य सभा हुए दो माह ही हुए हैं। इसलिए इस संबंध में कोई निर्णय नहीं हुआ है।

**-श्रीमती पूजा विधानी**
महापौर

---

दो-दो सौ मीटर सड़क व नाला का अब तक नहीं हो पाया निर्माण

# अटकेगा चांटीडीह-अपोलो मार्ग पर सड़क और नाले का काम



चांटीडीह-अपोलो सड़क नाला का कार्य अधूरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 3 करोड़ 27 लाख की लागत से बन रहा

चांटीडीह से अपोलो अस्पताल मार्ग में करीब 3 करोड़ 27 लाख राशि की लागत से चौड़ी सड़क व नाला का निर्माण कराया जा रहा है। अभी तक लगभग 200-200 मीटर सड़क और नाला का काम हो पाया है। लेकिन अब बरसात शुरू हो गई है, जिससे यह सड़क, नाला का काम अटक सकता है।

नगर निगम द्वारा चांटीडीह से अपोलो मार्ग होते हुए मानसी चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 3 करोड़ 27 लाख राशि की लागत से निर्माण कार्य चालू भी हो गया है। मानसी चौक की ओर से कार्य शुरू किया गया है और लगभग 200-200 मीटर सड़क एवं नाला का काम हो गया है। लेकिन बरसात शुरू हुई है, ऐसे में इस सड़क और नाला निर्माण कार्य अटक सकता है। नगर निगम द्वारा बरसात लगने के पहले चांटीडीह-अपोलो मार्ग के किनारे सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने, जितने भी बेजा-कब्जा थे उनको हटाने की मुहिम चलाई गई। इसके पूर्व इस मार्ग में सड़क किनारे बेजा-कब्जा का सर्वे कराया गया था। इसमें तीन सौ से अधिक बेजा-कब्जा पाया गया था, जिसमें कच्चे-पक्के मकान से लेकर दुकान, होटल एवं सब्जी दुकान आदि शामिल थे। पिछले माह ही निगम द्वारा इस मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चालू की गई और लगातार निगम अमला द्वारा बुलडोजर से अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की गई। तोड़फोड़ कार्रवाई को लेकर विरोध भी हुआ था। इसी तरह चांटीडीह के जिन व्यापारियों के दुकान एवं सब्जी विक्रेताओं के चबूतरे तोड़े गए हैं, उनके द्वारा भी विरोध किया गया था। उनका कहना था कि नगर निगम द्वारा बिना सूचना दिए अचानक उनकी दुकानों को तोड़ा गया। निगम प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के उनकी दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस अचानक हुई कार्रवाई के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है तथा रोजी-रोटी पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

### चलता रहेगा काम

चांटीडीह-अपोलो मार्ग सड़क चौड़ीकरण, नाला का काम टेंडर प्रक्रिया के बाद चालू हो गया है। कुछ दूरी तक सड़क और नाला बन भी गया है। बरसात लगने से काम नहीं अटकेगा, क्योंकि अपने यहां उतनी तेज बारिश नहीं होती है। इसलिए सड़क का काम थोड़ा प्रभावित होगा पर नाला का काम हो सकता है।

**-राजकुमार मिश्रा**
सीई, नगर निगम

---

# नियम ताक पर, काली फिल्म के साथ फर्राटा भर रहीं गाड़ियां

- सड़क पर ही नहीं होती है चेकिंग
- यातायात के कैमरे भी चेक नहीं किए जा रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की हर सड़कों पर लग्जरी गाड़ियां काली फिल्म लगाकर फर्राटा भर रही हैं। कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और इनको टोकने वाला कोई नहीं है। वहीं आम आदमी जेब्रा क्रासिंग भी पार कर जाए तो पुलिस महकमा नोटिस भेजकर चालान वसूल कर रहा है।

पुलिस केवल चौक चौराहों पर बाइक सवारों पर कार्रवाई कर रही है। तीन सवारी व बिना लाइसेंस को लेकर कार्रवाई करते पुलिसकर्मी नजर आते हैं। पुलिस चारपहिया वाहन में काली फिल्म लगाकर घूमने वालों पर कार्रवाई करने से पीछे हट रही है। लग्जरी कार के शीशे में काली फिल्म लगाई जाती है। यह पूरी तरह गैर कानूनी है। काली फिल्म लगे वाहनों पर सवार अपराधी अपराध को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करता। इसके कारण शहर में काली शीशे वाले व्यावसायिक और निजी वाहन बेधड़क चलते दिखते हैं।

### यह हैं नियम

केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली तहत वाहनों की खिड़कियों के शीशे काले या रंगीन नहीं होने चाहिए। नियम के अनुसार वाहनों की खिड़कियों के साइड विंडो शीशा कम से कम 50 प्रतिशत और सामने और पीछे का शीशा 70 प्रतिशत पारदर्शी होना चाहिए। केंद्रीय मोटरवाहन नियमावली 1989 के नियम के तहत वाहनों में लगे काले शीशे को हटाने का प्रावधान है।मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 177 और 179 के तहत काला शीशा लगाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

### की जाती है कार्रवाई

हमारी टीम लगातार पेट्रोलिंग कर ऐसे वाहनों की पहचान करती है और इंटरस्पेटर के जरिए कांच की थिकनेस ली जाती है। चालानी कार्रवाई में कई बार ऐसी कार पकड़ाई है और कांच से फिल्म हटाई जाती है।

**-राम गोपाल करियारे**, एडिशनल एसपी, यातायात विभाग

**अपराधियों को मिलती है शहः** पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग काला शीशा लगे वाहन के अंदर कौन है, अपराधी हैं या वीआईपी, इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है न लोगों को। काले शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता आया है और उन्हें शह भी मिल रही है। कारों से हत्या और अपहरण की वारदातों को अंजाम दिया जा सकता है। आपराधिक चरित्र वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं।

---

# रोज मिल डायरिया के मरीज, फिर भी स्वास्थ्य विभाग नहीं लगा सका लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर में डायरिया काल बन रहा है,रतनपुर में गंदे पानी पाने के कारण डायरिया फैल गया है। यहं रोजाना 12 से 15 नए मरीज मिल रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 17 बेड फूल हो गया है। ऐसे में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और मरीज अपने घर में ही इलाज कराने के लिए मजबूर है। खास बात यह है कि 5 दिनों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने ना तो पानी का सैंपल जब्त किया है और ना ही स्थिति को कंट्रोल किया जा सका है। यही कारण है कि रोजाना मरीज मिल रहे हैं।

रतनपुर में नगर पालिका की लापरवाही के चलते गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। जिसके चलते डायरिया चुका है। पिछले साल भी इसी मौसम में 150 से अधिक डायरिया के मरीज मिले थे। यहां लगातार डायरिया के नए मरीज मिल रहे हैं। पिछले 48 घंटे में अस्पताल के 45 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। गिरजाबंद, नवागांव से मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है रोजाना 10 से अधिक मरीज मिल रहे हैं। गुरूवार को 7 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

### नवागांव और गिरजाबंद में मिले ज्यादा मरीज

रतनपुर के नवागांव, कर्रा, गिरजाबंद, महामायापारा में फिर घरों-घर डायरिया का कहर है। बीते सोमवार को 13 और मंगलवार को 23 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके बाद लगातार नए मरीज मिल रहे हैं। स्थिति यह है कि अस्पताल में अब मरीजों को भर्ती करने के लिए जगह नहीं है, बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी क्षेत्र का दौरा नहीं कर पाए है। प्रभावित इलाकों में कैंप लगाकर महज क्लोरिन की दवा बांट दी गई है।

### डाक्टर तक नहीं है


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में केवल एक डॉक्टर और सीमित स्टाफ है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। डाक्टर नहीं होने के कारण अस्पताल में मरीजों की स्थिति खराब हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। वहीं रतनपुर में पदस्थ ज्यादातर कर्मचारियों को शहर के अस्पताल और कार्यालय में अटैच कर दिया गया है।

### पानी बनी वजह, सुधार कार्य नहीं

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में नालियों से होकर पीने का पाइप लाइन जा रहा है। इसी की वजह से ही क्षेत्र में डायरिया फैल रहा है, नगर पालिका परिषद और स्वास्थ्य विभाग इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अबतक पानी का सैंपल भी कलेक्ट नहीं किया गया है। सीएमएचओ डॉ शुभा गढ़ेवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र का सर्वे कर चुकी है। लोगों को जागरूक किया गया है और क्लोरिन की दवा बांटी गई है। इस दौरान एक भी रिफर का केस नहीं मिला है।

### गांजा तस्करी करने वाला सरगना गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जेल से छूटने के बाद फिर ओडिशा से गांजा मंगाकर बिक्री करने वाले फरार सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 2 जुलाई को मस्तूरी पुलिस ने कार में ओडिशा बरगढ़ से गांजा लेकर आ रहे पंधी निवासी नीरज वर्मा उर्फ मोनू 20 साल को पकड़कर 20 किलो गांजा बरामद किया था। पूछताछ में उसने गनियारी निवासी विनोद वर्मा के द्वारा गांजा मंगाना बताया गया। 3 जुलाई को मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने एण्ड टू एण्ड के तहत कार्रवाई करते हुए गांजा मंगाने वाले फरार सरगना गनियारी निवासी विनोद वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व में ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को कार्टून में गांजा ले जाते पकड़ा था। दोनों युवकों ने आरोपी विनोद वर्मा के कहने पर ओडिशा से गांजा लाना बताया था। सरकण्डा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद विनोद वर्मा फिर से ओडिशा से गांजा मंगाकर बिक्री कर रहा था।



# डॉक्टर के सूने मकान में चोरों का धावा, जेवर-नकद ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डाक्टर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर कीमती जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा सोनगंगा कालोनी निवासी डा. अमिता दुबे पति राहुल बिल्हा सीएचसी में चिकित्सा अधिकारी है। उनका एक मकान में उसलापुर गिरधर विहार में है। जहां कुछ सामान शिफ्ट किया गया है। 30 जून को वे उक्त मकान में ताला लगाकर सोनगंगा कालोनी आ गई थी। 2 जुलाई को सुबह 11 बजे गिरधर कालोनी मकान में गई तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी के उपर स्टील पेटी का ताला तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, पायल, 2 चांदी का सिक्का, 4 हजार रुपए नकद चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने डा. दुबे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह नारायणी होम्स गोकुलधाम निवासी सोमदेव कर्ष 2 जुलाई को सुबह 11.30 बजे काम से रजिस्ट्री आफिस गए और अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एजेड़, 4792 खड़ी कर अंदर चले गए। काम निपटाकर बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। एक दिन पहले 1 जुलाई को मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी जयलाल निर्मलकर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 जेड, 5376 रजिस्ट्री कार्यालय के सामने खड़े किया था। काम निपटने के बाद आफिस से बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी।

### खाद की कालाबाजारी के विरुद्ध राज्य स्तरीय जांच दल ने कृषि सेवा केंद्र में मारा छापा

**सीतापुर।** खाद की कालाबाजारी की शिकायत पर राज्य स्तरीय जांच दल समेत राजस्व एवं कृषि विभाग ने संयुक्त रूप से दो दुकानों में छापेमारी की। छापेमारी के बाद दोनों दुकानों में जांच के दौरान बहुत सारी गड़बड़ियां सामने आई जिसके बाद छापामार अभियान दल के अधिकारियों ने विभिन्न धाराओं के तहत गोदामों को सील कर जब्ती की कार्रवाई की है। इस दौरान गोदामों में पाए गए खाद की जांच हेतु नमूना लिया गया है ताकि लैब में इसकी उर्वरकता की जांच कराई जा सके। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गुतुरमा एवं सरईपारा स्थिति गोपाल कृषि सेवा केंद्र एवं भगवती ट्रेडर्स सीतापुर में राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम के साथ राज्य स्तरीय जांच दल की टीम ने डॉ. सुमित सोरी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जांच में अधिकारियों को कृषि सेवा केंद्र समेत दोनों दुकानों में काफी गड़बड़ियां नजर आई।

---

# अस्पताल में डॉक्टर से हुज्जतबाजी कर युवकों ने वार्ड बॉय से मारपीट

**बिलासपुर।** रतनपुर अस्पताल में इलाज कराने आए युवकों ने डाक्टर की कालर पकड़कर हुज्जतबाजी करते हुए वार्ड बॉय के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, बुधवार को 10 से 12 युवक एक युवक को इलाज कराने के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर गए। उनके मनमाफिक इलाज नहीं होने पर युवकों ने ड्यूटी में उपस्थित डाक्टर की कालर पकड़कर हुज्जतबाजी करते हुए जमकर उपद्रव मचाया, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। एक वार्ड बॉय ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर गाली गलौज की है। युवकों के उपद्रव से स्टाफ डरा हुआ है। पुलिस ने डाक्टर की शिकायत पर हमलावर युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 121, 1, 132, 221, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

बताया जाता है हमलावर स्थानीय रतनपुर के रहने वाले हैं। डाक्टर के आग्रह करने पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रतनपुर पुलिस ने मामले को सेंसिटव में डाल दिया है।

# सीआरपीएफ के एसआई को डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाकर 22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस विभाग और शासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बाद भी लोग ठगों के झांसे में आने से बच नहीं पा रहे है। ताजा मामला सरगुजा में सामने आया है जहां एक सीआरपीएफ के एसआई को 17 दिनों तक हाउस अरेस्ट में रखकर उससे 22 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया। ठगों ने उप निरीक्षक के खाते में दो करोड़ का गैर कानूनी ट्रांजैक्शन होने का हवाला देकर ठगी की गई। जवान ने अपनी पत्नी के गहरे गिरवी रखकर और बेटे की एफडी तोडकर यह रकम चुकाई। जब जवान को ठगी का एहसास हुआ तो उसने मामले की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि 55 वर्षीय आर महेन्द्रन आ. के रामा स्वामी सीआरपीएफ अंबिकापुर में उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। 5 जून को जब उप निरीक्षक अपने कैम्प में था तो उसके पास एक नम्बर से फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने टेलीकॉम डिपार्टमेंट गवर्नमेंट ऑफ दिल्ली से होने की बात कही और उसके आधार कार्ड से सिम कार्ड खरीदे जाने और उक्त सिम व मोबाइल नम्बर से गैर कानूनी काम होने का हवाला देकर दो घंटे में सिम कार्ड बंद होने की बात कही गई। इसके साथ ही बताया गया की उक्त मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की जा रही है। उसी दिन एक अन्य मोबाइल नम्बर से फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस का व्यक्ति बताते हुए उसका व्हाट्सएप नंबर मांगा और व्हाट्सएप नम्बर पर विडियो कॉल किया। वीडियो कॉल के दौरान पुलिस की वर्दी और आईडी कार्ड को दिखाते हुए उसने अपना नाम निरीक्षक गोपेश कुमार बताया और कहा गया कि उसके आधार नम्बर से दिल्ली नेहरू प्लेस के बैंक ऑफ बड़ौदा में आर महेन्द्रन के नाम पर खाता खोलकर 2 करोड़ का लेनदेन किया गया है। इस केस में पकड़े गये अपराधी द्वारा उप निरीक्षक का नाम लेने और 10 प्रतिशत कमीशन दिए जाने की बात कहकर डराया गया फंड वेरिफिकेशन का हवाला देकर रिजव बैंक ऑफ इंडिया का एक लेटर भेजा गया और आरबीआई से अलग अलग खातों में पैसे मागने गये ताकि वेरिफिकेशन हो सके। बताया गया कि 48 से 72 घंटे में पैसे वापस आ जाएंगे। इसी वीडियो कॉल में सीबीआई के डीसीपी के नाम पर राजीव कुमार ने बात कर 6 जून को 49, 999 रुपए भेजने को बोला गया। जवान ने अपने सैलरी अकाउंट से उसे पैसे दे दिए। इसके बाद उस अलग अलग खाता नम्बर पर 17812, 9999, 20000, 49999, 5000, 98000 जमा कराया गया।

## खबर संक्षेप



### बिजली दर वृद्धि वापसी एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर आप ने बोला हल्ला

**कोरबा।** राज्य में जुलाई महीने से बिजली की दरों में प्रति यूनिट लगभग 20 पैसे की वृद्धि प्रस्तावित है, उक्त बढ़ी हुई दरों से प्रदेश के गरीब तबके और आम जनता को स्वाभावतः परेशानी निश्चित है। नई दरों में वृद्धि का कारण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सरकार को प्रस्तुत किए गए लगभग 4 हजार 550 करोड़ के घाटे को इंगित किया जा रहा है, जिसके लिए नए टैरिफ की जरूरत मानी जा रही है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बनिष्पत बिजली महँगी करनी की योजना बनाई जा रही है जबकि सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए. विद्युत की 4 कंपनियों की जगह है अगर। कंपनी होती तो अतिरिक्त 3 कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारी के वेतन और खर्चों की बचत होती। आप विद्युत कंपनियों के खर्च कम नहीं कर रहे जिसकी भरपाई छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली दर में बढ़ाकर की जा रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरूरी चार्ज लिए जाते हैं। विगत कुछ माह पूर्व ही सरकार ने कमर्शियल का रेट बढ़ाया था जिसे व्यापारियों ने अपने सामान का रेट बढ़ाकार जनता से ही वसूला जा रहा है। विद्युत कंपनिया छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रहे हैं और अपने खास को निजी फायदा पहुंचाने का काम कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि यदि सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापिस नहीं लेती है और ऐसे ही असमय बिजली कटौती करती रहेगी तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के लिए बड़ा आंदोलन करेगी।

### दो मवेशियों ने युवक पर किया हमला

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बस स्टैंड के नजदीक रिफ्यूजी कॉलोनी इलाके में दो मवेशियों ने एक राहगीर पर अचानक हमला कर दिया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने उस व्यक्ति की जान बचाई। घटना गुरुवार की सुबह की है। कुछ देर के लिए बारिश थमने पर इस रास्ते से एक व्यक्ति बाइक पर जा रहा था। एक अन्य व्यक्ति उसके पीछे पैदल था। इसी क्षेत्र में मौजूद दो मवेशियों ने एकाएक पैदल चल रहे व्यक्ति पर हमला कर दिया। जिससे व्यक्ति नीचे गिर पड़ा। इसके बाद जो हुआ उसने लोगों को चिंता में डाल दिया क्योंकि दोनों मवेशी अपने पैरों से उस पर लगातार हमला करते नजर आए। जिसने भी इस सीन को देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। किसी तरह अन्य लोगों ने हिम्मत जुटा और मवेशियों को यहां से हटाने का काम किया और सडक़ पर पड़े व्यक्ति को अलग किया, तब कहीं जाकर उसकी जान बच सकी। जिसके उपरांत उस व्यक्ति को उपचार हेतु नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया है।

### उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश -2016 के खण्ड-9 में उपबंधित निर्बन्धनों एवं शर्तों के अधीन एवं रिक्तता के आधार पर विकासखण्ड पाली क्षेत्रांतर्गत, ग्राम पंचायत - जेमरा, सेन्द्रीपाली, परसदा, अण्डीकछार, कोरबी, बारीउमराव, मुंगाडीह एवं कर्रानवापारा की शासकीय उचित मूल्य दुकानों को नवीन संचालक संस्था को आबंटित किए जाने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0), पाली, जिला कोरबा स्तर से ईश्तहार प्रकाशित किया गया है, जिस हेतु राज्य शासन द्वारा अधिकृत एजेंसियों- वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्प्स), ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियॉं, अन्य सहकारी समितियॉं, जो छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनिम -1960 अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारिता अधिनियम -1999 के तहत पंजीकृत हो, के माध्यम से आवेदन आमंत्रित कराया गया है। उक्त कार्यक्षेत्र हेतु पंजीकृत व शासन द्वारा अधिकृत ईच्छुक संस्थाओं के द्वारा कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी, पाली, जिला कोरबा समक्ष 4 जुलाई तक कार्यालयीन समयावधि में जारी ईश्तहार 18 जून में उल्लेखित अनुसार आवेदन सह दस्तावेज प्रस्तुत किया जा सकता है। 4 जुलाई के पश्चात प्रस्तुत आवेदनों पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली से संपर्क किया जा सकता है।

## निधन

### विनय मोहन पाराशर



**कोरबा।** ग्राम बरपाली (सलिहाभाठा) निवासी विनय मोहन पाराशर का 3 जुलाई को ब्रेन हेमरेज के कारण आकस्मिक स्वर्गवास हो गया उनकी अंत्येष्टि स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम सलिहाभाठा में 4 जुजाई की सुबह 10 बजे किया जाएगा। विनय मोहन पाराशर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख, संघ के बाल स्वयंसेवक समाज सेवक एवं पत्रकारिता से जुड़े व्यक्ति थे। वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्र तीन पुत्री से भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए।

## तम्बाकू उत्पाद का विक्रय न करने की दी हिदायत

# महापौर, आयुक्त व सभापति ने राताखार पहुंचकर दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर राताखार बस्ती पहुंचे, उन्होंने बस्ती में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के सौ गज के दायरे में स्थित विभिन्न दुकानों, ठेलों का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा दुकान संचालकों को कड़ी हिदायत दी कि वे नशीले पदार्थ तम्बाखू युक्त उत्पाद, बीड़ी सिगरेट गुटका एवं अन्य किसी भी नशीली सामग्री का विक्रय न करें अन्यथा दुकान लाईसेंस गुमास्ता को निरस्त करने के साथ ही कड़ी वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

**खास बात**

- लगभग 30 शैक्षणिक संस्थानों व विद्यालयों के समीप के दुकानों का किया



दुकान का निरीक्षण करते महापौर, सभापति, निगम आयुक्त एवं अन्य।

जिले में मादक दवाओं पदार्थों की अवैध तस्करी रोकने हेतु जिला स्तर पर सभी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में जिले के विभिन्न विभागों को कलेक्टर के द्वारा विभागवार दायित्व सौंपे गए थे। नगर निगम को सौंपे गए दायित्व में शैक्षणिक संस्थानों, स्कूल, कालेज आदि के सौ गज के दायरे के अंदर यदि कोई दुकान में तम्बाखू युक्त उत्पाद का विक्रय करते हुए पाया जाता है तो उस पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने सहित अन्य आवश्यक दायित्व सौंपे गए थे। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के साथ-साथ निगम क्षेत्र में कार्यवाही की जा रही है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने निगम की टीम के साथ राताखार बस्ती पहुंचे तथा वहॉं पर स्थित पूर्व माध्यमिक शाला के सौ गज के दायरे में संचालित दुकानों, ठेलों आदि का सघन निरीक्षण किया, दुकान संचालकों को कड़ी हिदायत दी कि वे दुकानों में नशीले पदार्थ, तम्बाखू युक्त पदार्थ, बीडी सिगरेट गुटका व अन्य नशीली सामग्रियों का विक्रय कदापि न करें, यदि ऐसा करते पाया जाता है तो उनके दुकान का लाईसेंस, गुमास्ता आदि को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी, साथ ही नियमों के तहत वैधानिक कार्यवाही भी होगी। इस दौरान निगम के अमले ने उक्त नशीली सामग्रियों की जप्ती की तथा उन्हें कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा, यदि उक्त नशीले पदार्थो का विक्रय दोबारा करते हुए पाया गया तो दुकान का लाईसेंस गुमास्ता आदि निरस्त करने के साथ ही नियमों के तहत वैधानिक कार्यवाही भी होगी।



# बिना किसी अव्यवस्था या देरी के समितियों में मिल रहा खाद- बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ सीजन की शुरुआत होने के साथ ही जिले की सहकारी समितियों में किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज का भंडारण किया गया है। मानसून के दस्तक के साथ ही किसान पूरे उत्साह के साथ सहकारी समितियों से खाद और बीज का उठाव करने लगे है। सबेरे से ही समितियों में किसानों का आना जाना लगा हुआ है और अपनी जरूरत अनुसार खाद बीज का उठाव कर रहे है। समितियों में किसानों की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा गया है एवं मांग अनुरूप अच्छी गुणवत्ता वाली खाद एवं उन्नत किस्म के बीजों का भण्डारण किया गया है। किसानों को बिना किसी अव्यवस्था या देरी के, उन्हें अपनी जरूरत के अनुसार यूरिया, डीएपी और अच्छी किस्मों के बीज आसानी से मिल रहे हैं। ताकि उनके खेतों की बोनी में कोई कठिनाई नहीं आये और खेती न पिछड़े। इस सुव्यवस्थित वितरण प्रणाली से किसानों के समय और पैसा बचत हो रही है साथ ही उनमें एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार भी किया है। बोनी का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है और किसानों को अब अच्छी पैदावार की उम्मीद है। सहकारी समितियों में इस बार खाद बीज की अग्रिम भंडारण की वजह से किसानों को कोई कठिनाई नहीं हो रही हर दिन सैकड़ों किसान समिति से खाद-बीज लेकर अपनी खेती की तैयारी कर रहे हैं।

# पीएम आवास योजना: 68 हितग्राहियों को आवासगृहों का हुआ आबंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासगृहों की आबंटन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में गुरूवार को निगम कार्यालय साकेत में 68 आवासगृहों का आबंटन पात्र हितग्राहियों को किया गया। योजना के अंतर्गत दादरखुर्द में नवनिर्मित आवासगृहों में से अब तक 717 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित कर उन्हें पक्के मकान आबंटित कराए जा चुके हैं।

**खास बात**

- आवासगृहों में से अब तक 717 हितग्राहियों को किया गया आबंटन



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दादरखुर्द के समीप 2 हजार 784 आवासगृहों (फ्लेट) का निर्माण कराया गया है, जहां पर पानी, बिजली, सड़क सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं बनाई गई हैं, उक्त आवासगृह फ्लेट के रूप में बनाए गए हैं तथा भू-तल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल में आवासगृह स्थित है। उक्त आवासीय कालोनी में पूर्व में 649 आवासगृहों का आबंटन किया जा चुका था, आज पुनः नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में लाटरी पद्धति से 68 पात्र हितग्राहियों को आवासगृहों का आबंटन किया गया, इस प्रकार दादरखुर्द में अब तक कुल 717 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित कर उन्हें पक्के मकान की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। आवासगृहों के आबंटन के दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ, लेखाधिकारी भवकांत नायक, सहायक अभियंता व सहायक नोडल अधिकारी विवेक रिछारिया, सीएलटीसी हर्ष छत्रवाणी व धवल शर्मा, पीएमसी सतीश शर्मा, शिव कर्ष आदि के साथ हितग्राहीगण उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य में फर्जीवाड़ा जिपं सभापति ने कलेक्टर से की जांच की मांग

**कोरबा।** जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत भ्रष्टाचार के कई मामले अभी सुर्खियों में हैं। जिसमें से एक ग्राम पंचायत बेहरचुंआ में शासकीय निर्माण कार्य में बेहद गड़बड़ी और गंभीर वित्तीय अनियमितता की शिकायत के रूप में सामने आई है। बेहरचुआं के निवासी देवनाथ पिता रामसिंह के नाम पर मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत पक्का फर्श एवं कोटना निर्माण कार्य का कार्य ऑनलाइन पूर्ण दशार्या गया है और राशि निकाल ली गयी है जबकि मौके पर कोई भी निर्माण नहीं हुआ है। इस संबंध में जिला पंचायत सभापति (वन) सावित्री अजय कंवर ने जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सावित्री कंवर ने शिकायत किया कि 26 से 31 अक्टूबर 2023 के बीच कार्य पूर्ण होना दशार्या गया, जबकि निर्माण कार्य आज दिनांक तक नहीं हुआ है। सभापति सावित्री ने मांग की है कि इस प्रकरण की जांच पृथक टीम से कराते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और समस्त जांच जानकारी उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए।

# जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नोनी बाबू जतन केन्द्र का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के 3 विकासखण्ड कोरबा, पाली एवं पोडीउपरोडा अंतर्गत कुल 41 नोनी बाबू जतन केन्द्रों का गत 1 जुलाई को शुभारंभ किया गया। जिसमें एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) के 3 केन्द्र, परियोजना पाली के 5 केन्द्र, परियोजना पोडीउपरोडा के 7 केन्द्र, चोटिया के 13 केन्द्र तथा पसान के 13 केन्द्र शामिल है।

**खास बात**

- माह में तीन बार निरीक्षण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि नोनी बाबू जतन केन्द्रों की स्वीकृति जिला खनिज न्यास मद द्वारा प्रदान की गई है। नोनी बाबू जतन केन्द्र का संचालन उन दुर्गम क्षेत्र के बसाहटों में किया जा रहा है जहां आंगनबाड़ी केन्द्र दूर होने के कारण हितग्राही लाभ से वंचित हो जाते है तथा बसाहट शासन के निर्देशानुसार जनसंख्या के मापदण्ड को पूर्ण नहीं करते। जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत इन 41 केन्द्रों के लगभग 800 हितग्राहियों (उम्र 6 माह से 6 वर्ष) को महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त योजनाओ एवं सेवाओ का लाभ प्रदान किया जायेगा। इन केन्द्रों का संचालन ग्राम सभा से चयनित महिला द्वारा किया जायेगा तथा प्रतिमाह 10 हजार रूपये मानदेय का भुगतान जिला खनिज न्यास मद से दिया जायेगा। जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षमता का विकास करने, समुदाय स्तर पर प्रबंधन करने एवं कुपोषण में कमी लाने हेतु दूरस्थ अंचल में यह नोनी बाबू जतन केन्द्र निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। कलेक्टर द्वारा इन केन्द्रों के लिए डीएमएफ मद से लगभग 62 लाख 85 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा इन केन्द्रों के पर्यवेक्षण व निरीक्षण हेतु परियोजना अधिकारियों को माह में न्यूनतम एक बार तथा सेक्टर पर्यवेक्षक को माह में 3 बार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## प्रधानपाठक सुषमा की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संकुल दीपका में कन्या माध्यमिक शाला की प्रधानपाठक श्रीमती सुषमा टुटेजा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता संकुल प्रभारी भवदीप कुमार दुबे व संकुल प्राचार्य आशालता कौशिक थे। विदाई समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना व बीना सिन्हा, नीलम मिश्रा, श्रीमती विश्वास के द्वारा स्वागत से हुई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन फत्ते सिंह नेटी ने किया। सुषमा टुटेजा व उनके परिवार के सदस्य प्रियांशु को पुष्पगुच्छ से स्वागत किए गए। दीपका संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने श्रीमती टुटेजा के उत्कृष्ट कार्यो का योगदान और व्यक्तिगत गुणों पर प्रकाश डाले गए व सभी ने उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके सेवाकाल की चर्चा की गई। सेवानिवृत्ति सुषमा टुटेजा ने अपने उद्बोधन में अपने शिक्षकीय सेवाकाल के यादगार पलों व अनुभव को साझा किए। सेवानिवृत्त प्रधानपाठिका सुषमा टुटेजा को श्रीफल, शॉल व उपहार, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए गए। विदाई समारोह में कुसुम गौतम, कुसुम सोनवानी, शांति खेस, यामिनी राठौर, शशि राठौर, अनिता चंद्रा, मिथलेश राठौर, कांति पाटले, प्रभा कंवर, सेवती केंवट, सीमा कंवर, सविता कंवर, अजय पटेल, गंगाराम बरेठ सहित अन्य शामिल रहे।

# रासेयो चैतमा एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना युवा वर्ग खेल मंत्रालय भारत सरकार, शासन प्रशासन अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक प्रो वाय के तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ईको क्लब प्रभारी के मार्गदर्शन ब्यख्याता धनराज सिंह, नबीउल्ला सिद्दिकी, राखी विंध्यराज, चंद्रमुखी साहू के सहयोग से स्वंय सेवक नीतीश नागदेव, पंकज, नीरज, जीवेश, रोहित, अनीश इत्यादि ने नीम, जामुन, आम,गुलमोहर,करंज पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




पौधरोपण करते स्कूल बच्चे।

वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण माँ एक ऐसा शब्द है, जिसमें संपूर्ण सृष्टि की ममता, स्नेह और त्याग समाया होता है। माँ के लिए कुछ करना हमारे जीवन का एक छोटा-सा प्रयास होता है, जिससे हम उनका आभार व्यक्त कर सकें। इसी भावना को व्यक्त करने के लिए "एक पेड़ माँ के नाम जैसे वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जाता है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माँ के प्रति सम्मान की एक सुंदर अभिव्यक्ति है। वृक्षारोपण का महत्व आज प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं हमारे सामने हैं। इन समस्याओं का मुख्य कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई है। ऐसे समय में वृक्षारोपण एक कारगर उपाय है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, ये न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि भूमि क्षरण रोकते हैं, जल संरक्षण में सहायक होते हैं और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं।

## बालको ने चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने इंटरनेशनल प्राइड मंथ के अवसर पर संयंत्र और समुदाय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य समावेशी वातावरण को प्रोत्साहित करना और एलजीबीटीक्यूआई प्लस समुदाय के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना था। कंपनी ने प्राइड मंथ अभियान के तहत 'डायवर्सी दी' नामक शुभंकर लॉन्च किया, जो पूरे माह चले जागरूकता अभियान का चेहरा रही। इस अभियान में कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदारों और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। इस अभियान के तहत समुदाय को जागरूक करने के लिए मूवी स्क्रिनिंग, पोस्टर मेकिंग स्लोगन, प्राइड मार्च और कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 500 लोग शामिल हुए। सत्र में समुदाय को लैंगिक संवेदनशीलता और समावेशी समाज बनाने की दिशा में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के लिए आमंत्रित किया गया।

# विजय ऑरलैंडो यूएसए में लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी सत्र 25-26के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला विजय अग्रवाल सपत्नी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए ऑरलैंडो के लिए रवाना हुए हैं। विजय अग्रवाल का यह सफर 17 दिनों का होगा 4 जुलाई को दिल्ली प्रस्थान करेंगे। ऑरलैंडो जाने के पूर्व आज लायन्स क्लब बालको नगर के द्वारा उनके सम्मान में काफी हाउस कोरबा में बोन वोयज कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन राजेन्द्र तिवारी, जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल,पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम डी माखीजा,बसन्त मिश्रा की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि निश्चित ही यह हम सभी के सांथ पूरे डिस्ट्रिक्ट के लिए गर्व का विषय है जो हमारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शपथ के लिए विदेश के लिए रवाना हो रहे है इसके लिए हमारी ओर से बहुत बहुत बधाई कार्यक्रम को सभी मंचस्थ अतिथियों ने भी सम्बोधित किया सहित डिस्ट्रिक्ट के सभी पदाधिकारी व सभी क्लब से आये क्लब के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए। जहां सभी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को ऑरलैंडो में शपथग्रहण करने के लिए जाने पर पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई व शुभकामनाएं दी।




## नेशनल पारा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में किशन ने जीते 2 गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केरल राज्य के त्रिशूर जिले में आयोजित नेशनल पारा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में बालको नगर निवासी किशन लाल ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करते हुए दो स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। किशन लाल ने इस अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन के प्रेसिडेंट चंद्रशेखर साहू एवं वाइस प्रेसिडेंट विजय निषाद सहित पूरे सीएसएफ परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था ने उनकी प्रतिभा को पहचाना, प्रोत्साहित किया और उन्हें नई दिशा प्रदान की। केयर स्किल फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संस्था है, जो छत्तीसगढ़ राज्य में निशुल्क कौशल प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन एवं सामाजिक कार्यों हेतु समर्पित है। संस्था के मार्गदर्शन में किशन लाल को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन का अवसर मिला, जिससे उनका चयन अब इंटरनेशनल पारा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप (नाइजीरिया, अफ्रीका ) के लिए हुआ है।

## खबर संक्षेप



### छिंदपुर में सड़क किनारे की गई साफ़ सफाई

**हरदीबाजार।** राहगीरो को आवागमन में परेशानी को देखते हुए छिंदपुर जर्जर सड़क के गड्ढे में भरे पानी एवं सड़क के किनारे कांटा झाड़ की साफ़ सफ़ाई की गई और रोड में भरे पानी को नाली बनाकर निकाला गया। जिसमे मुख्य रूप से इस कार्य को जिला कार्यसमिति सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर, रामचंद्र राठौर ,कृष्ण कुमार राठौर, लाला गोस्वामी, शीशराम कैवर्त, अभिनाश बियार, सुनील कैवर्त, रामकुमार कैवर्त, बीरेन्द्र बियार उपस्थित थे। उमेंदीभाठा से छिंदपुर का सड़क बहुत ही जर्जर हो गया है इस संबंध में कृष्णानंद राठौर ने गेवरा प्रबंधन को पत्र लिख कर सड़क निर्माण की मांग की थी लेकिन प्रबंधन ने बारिश पूर्व ध्यान नहीं दिया,अब वे स्वयं गांव के ही जागरुक युवाओं के साथ सड़क किनारे की साफ-सफाई व सड़क के गड्ढे में भरे पानी को निकासी नाले के माध्यम से खाले किए जिससे सड़क व गड्ढे दिख सके और कोई हादसा न हो जाए । ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे पर ध्यानाकर्षण कराया है ।

### छात्र नेता आयुष बने एबीवीपी के विभाग संयोजक



**कोरबा।** अंबिकापुर में आयोजित अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत के तीन दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में दीपका निवासी आयुष कुमार शर्मा को रायगढ़ विभाग संयोजक (कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, शक्ति,सारंगढ़) एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का दायित्व दिया गया है। उनके जिला संयोजक के कार्यकाल में पूरे कोरबा जिले में 6 हजार से भी अधिक सदस्यता हुई एवं मिशन साहसी जैसे बहुत से कार्यक्रम के पूरे वर्ष भर में आयोजित किए गए थे। दीपका से वह पहले कार्यकर्ता हैं जिन्हें विभाग संयोजक की ज़िम्मेदारी मिली है । उन्होंने कहा वह छात्र हित एवं राष्ट्र हित के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### गेवरा बस्ती में बन रही गुणवत्ताहीन सीसी रोड



कोरबा। कुसमुंडा के गेवरा बस्ती के वार्ड क्रमांक 25 में बन रही सीसी रोड की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण में ठेकेदारों द्वारा भारी मनमानी की जा रही है। सड़क की मोटाई अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग है, जो कि निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं है। इसके अलावा सड़क निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, जिससे सड़क टिकने वाला नहीं है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की ओर से पहले भी कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। ठेकेदार दिलीप दास के नाम पर काम किया जा रहा है, लेकिन जांच में उमेश राठौर का नाम सामने आया है, जिससे ठेकेदारी प्रक्रिया में भी सवाल खड़े हो गए हैं। वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद तेज प्रताप सिंह ने कहा अगर इसी तरह सड़क बनाई जाती रही तो यह बरसात में नहीं टिक पाएगी। ठेकेदार पैसे बचाने के चक्कर में घटिया काम करवा रहे हैं। इस मामले में नगर पालिका के अधिकारियों और इंजीनियर को जानकारी दी गई है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर पालिका के अधिकारी इस मुद्दे पर क्या कार्रवाई करते हैं।

### पानी निकासी के लिए नाली बन जाने से राहगीरों को मिली राहत



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार से रेकी रोड के बीच रामकृष्ण हॉस्पिटल के समीप शिव नगर एवं शिक्षक नगर का पानी बारिश के समय मेंन रोड में भराव हो जाता था जिससे लोगों को आने-जाने में बड़ी परेशानी हो रही थी। जिसके लिए भूमि स्वामी कमलेश राठौर के द्वारा पानी निकासी के लिए नाली निर्माण हेतु जमीन पंचायत को दिया गया। ग्राम पंचायत सरपंच उप सरपंच पंच एवं सचिव के द्वारा बारिश का भारी पानी का भराव होने के वजह से पुल लगाकर एवं नाली बनाकर पानी का निकास के लिए नाली बनाया गया। अब सड़क के बीचोंबीच पुल बन जाने एवं नाली बन जाने से राहगीरों को राहत मिली है। सरपंच लोकेश्वर कंवर का कहना है कि जहां भी पानी का भराव है कोशिश रहेगी। जल्द से जल्द नाली निर्माण कर पानी की निकासी कराया जाए। इसी तरह सप्तदेव मंदिर के समीप पानी का भराव हो रहा था जिसके लिए पुल लगाकर पानी का निकासी कराया गया अब पानी की भराव से लोगों को राहत मिली है।

#### लमना में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का किया गया आयोजन

# शिक्षा हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री लखन देवांगन एवं अन्य।

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने गुरुवार को पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम लमना में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित समारोह में उपस्थित बच्चों को देश का बेहतर नागरिक बनने और प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी विद्यार्थी शिक्षा अर्जन कर बेहतर नागरिक बनें। शिक्षा हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसका बंटवारा नहीं किया जा सकता। शिक्षा से ही देश की प्रगति होती है। घर का एक व्यक्ति शिक्षित होने पर परिवार जागरूक और शिक्षित होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है और विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ने का काम कर रही है। मंत्री श्री देवांगन ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण करने के साथ उनका स्वागत अभिनंदन कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया।

श्री देवांगन ने उपस्थित ग्रामीणों से अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने तथा बच्चों की पढ़ाई लिखाई में स्वयं रूचि लेते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक होता है तथा बेहतर नागरिक बन पाता है। उन्होंने कहा कि शासन का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा स्कूल न छोड़े, उनकी नियमित उपस्थिति बनी रहे एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। हम सबको मिलकर प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दिलाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करना चाहिए जिससे प्रत्येक बच्चा शिक्षा के माध्यम से समग्र रूप से विकसित होकर उज्ज्वल भविष्य की मंजिल पा सके। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा जिले में विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने शुरू की गई कोचिंग व्यवस्था, स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति, नाश्ते की व्यवस्था, भृत्यों की नियुक्ति की बात कहते हुए कहा कि इससे जिले के स्कूलों में आवश्यक व्यवस्था सुधरेगी और शिक्षा का बेहतर माहौल बनेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों को बताते हुए श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों से इसका लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों द्वारा स्कूली छात्राओं को सायकिल प्रदान किया गया।

# इंजीनियरिंग की छात्रा को न्याय दिलाने, सड़क पर उतरे लोग, किया एमपी के सीएम का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विरोध प्रदर्शन करते स्थानीय ग्रामीण।

सिंगरौली मध्यप्रदेश में इंजीनियरिंग के छात्रा की लाश खिडक़ी में फंदे पर लटके मिली उसकी मौत से भडक़ा जनाक्रोश शांत नहीं हुआ है। सोमवार को दोपहर मृत छात्रा को न्याय दिलाने समाज के अलावा सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सडक़ पर उतर गए उन्होंने

**खास बातें**
- मांग कर रहे हैं न्यायिक मजिस्ट्रेट की जांच की
- मामला मध्यप्रदेश के सिंगरौली का, जहां छात्रा की लाश लटकी मिली थी फंदे पर

मृतिका को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात आत्महत्या के लिए प्रेरित किया जाने का प्रकरण दर्ज किए जाने को लेकर भड़ास निकाली। उन्होंने एमपी के भाजपा सरकार को कोसते हुए मध्य प्रदेश सीएम का पुतला भी दहन किया।

हरदीबाजार थाना क्षेत्र में निवास करने वाले एक परिवार की बेटी मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करती थी। वह 21 जून को सिंगरौली में किराये के मकान में रहने वाली बड़ी बहन के पास पहुंची उसी दिन बड़ी बहन बनारस चली गई उसने छोटी बहन को कई बार कॉल किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जिससे घबराई बड़ी बहन सिंगरौली लौट आई उसने छोटी बहन की खोजबीन शुरू की तो किराये के मकान के आखिरी छोर में स्थित एक कमरे की खिडक़ी में इंजीनियरिंग छात्रा की लाश फंदे पर लटकी मिली। उसकी मौत के बाद परिजनों के साथ-साथ आम लोगों का आक्रोश भी भडक़ उठा उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मृतिका को न्याय दिलाने की मांग की थी। इस बीच सिंगरौली के मोरवा थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज कर लिया जिससे जन-आक्रोश भडक़ उठा सोमवार की दोपहर समाज के अलावा भूविस्थापित के अलावा सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सडक़ पर उतर गए उन्होंने सुभाष चौक में पुलिस की कार्यवाही को गलत ठहराते हुए जमकर भड़ास निकाली। उनका कहना था कि मृतिका के शरीर में चोट के निशान मिले हैं कोई व्यक्ति आत्महत्या करने से पहले ही अपने ही शरीर में चोट क्यों पहुंचाएगी यह चोट किसी अन्य के हमले से ही लग सकता है साथ ही कोई अगर आत्महत्या करेगा तो बिना शरीर से कपड़ा उतार कर क्यों करेगा? खिडक़ी की ग्रिड़ल जमीन की सतह से इतनी नजदीक है फांसी भी नहीं लटक जा सकता ये सब मृतिका छात्रा के साथ पटना को अंजाम दिए हैं लेकिन पुलिस ने आरोपी को बचाने गलत ढंग से कार्यवाही कर रही है।

# जहर खाने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात कारण की वजह से एक 26 वर्षीय युवक ने अपने घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिलाईखुर्द की है। यहां निवासरत लक्ष्मण सिंह गोंड़ 26 वर्ष पिता छत्रपाल सिंह गोंड़ ने अपने घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब लक्ष्मण कुमार अपने घर में गश खाकर गिरा तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान लक्ष्मण सिंह की मौत हो गई है। लक्ष्मण कुमार ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# मंदिर मे चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरईसिंगार निवासी संजय राठौर उम्र 50 वर्ष पिता हीरालाल राठौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 जून की रात लगभग 8:30

**खास बात**
- 25 जून की रात हुई थी घटना

बजे ग्राम सरईसिंगार के चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के गेट पर ताला लगाकर वे घर चले गए थे। 26 जून की सुबह जब वे मंदिर का ताला खोलने पहुंचे तो मंदिर का मुख्य गेट (शटर) का ताला टूटा हुआ था। अंदर जांच करने पर पता चला कि दानपेटी का ताला भी तोड़ दिया गया था और उसमें रखे लगभग 4 से 5 हजार रुपए नगद गायब थे। साथ ही, मंदिर में रखा एक पीतल का दीपक भी चोरी हो गया था। शिकायत पर पुलिस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुजिस ने आरोपी हरप्रसाद भट्ट पर संदेह जताया गया। उसके निवास पर छापेमारी कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने सरईसिंगार चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी के मेमोरेंडम पर हस्ताक्षर के बाद चोरी किया गया सामान बरामद किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

### दो बाइक में भिड़ंत दो घायल

**कोरबा।** पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैला में दो बाइक में आपस में भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। दोनों बाइक चालकों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिलासपुर अंतर्गत सोनसरी निवासी आकाश गोड़ 24 वर्ष ने पाली के सैला निवासी मोहन लाल डिक्सेना उम्र 24 वर्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। इसी तरह मोहन लाल डिक्सेना ने आकाश गोड़ पर केस दर्ज कराया है।

### चचेरे भाई ने की मारपीट

**कोरबा।** करतला क्षेत्र में खेती-किसानी के दौरान साउंड बॉक्स नहीं बजाने पर चचेरे भाई ने दंपति से मारपीट कर दी। घटना में दोनों को चोटें आई है। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। ग्राम दादरपारा पीडिया निवासी अनुकराम 36 वर्ष खेत की जुताई कर रहा था। इस दौरान साउंड बॉक्स में गाना सुन रहा था। रात लगभग 11 बजे अनुकराम ने बॉक्स को बंद कर दिया और वह पास के ट्यूबवेल में नहाने चला गया। इस बीच उसके बड़े पिता का पुत्र घांसीदास राठिया आया, बॉक्स बंद करने की बात को लेकर विवाद करने लगा और बॉक्स चालू करने की बात कही।

# कोल जगत में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने में जुटे श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि



हड़ताल की रणनीति बनाते श्रमिक संगठन के पदाधिकारी।

**कोल सेक्टर में दिखेगा व्यापक असर**

9 जुलाई को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए सयुक्त ट्रेड यूनियनों की सक्रियता पढ़ने लगी है। जिले में सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के अलावा निजी क्षेत्र के भी उद्योग संचालित हैं। हालांकि कोल सेक्टर में आंदोलन को लेकर श्रमिक संगठनों की सक्रियता ज्यादा रहेगी ऐसे में इसलिए आंदोलन कोयला उद्योग में प्रभावी रहने की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला जगत में प्रस्तावित एक दिवसीय कामबंद हड़ताल को सफल बनाने श्रमिक संगठनों द्वारा गेट मीटिंग कर कर्मियों को एकजुट किया जा रहा है। 1 जुलाई से 5 जुलाई तक अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। औद्योगिक

**खास बातें**
- 9 जुलाई को श्रमिक संगठनों ने आम हड़ताल का किया है ऐलान
- 5 जुलाई तक प्रदर्शन, कन्वेंशन और और रैली के माध्यम से कर्मचारियों को करेंगे एकजुट

एवं श्रम क्षेत्र में केंद्र की नीतियों के खिलाफ सयुक्त केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने आगामी 9 जुलाई को एक दिवसीय आम हड़ताल का ऐलान किया है। स्थानीय स्तर पर ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि आंदोलन को सफल बनाने के लिए अभी से प्रयास में जुट गए हैं। आंदोलन को लेकर ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों के मध्य बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है।

जिले में कोयला क्षेत्र के सक्रिय ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी हड़ताल सफल करने के लिए रणनीति भी तैयार कर ली गई है। कोयला उद्योग की बात करें तो श्रमिक संगठनों द्वारा जुलाई माह की शुरुआत से ही कोयला कर्मचारियों को एकजुट करने के लिए प्रदर्शन, कन्वेंशन और बाइक रैली, गेट मीटिंग सहित रणनीति तैयार की है। जिसके अंतर्गत 1 जुलाई को एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में संयुक्त ट्रेड यूनियन प्रदर्शन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद किए। 2 जुलाई को एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के राजनगर में संयुक्त यूनियनों के कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इसी तरह 3 जुलाई को एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र और 4 जुलाई को कोरबा क्षेत्र में कन्वेंशन रखा गया है।

कन्वेंशन में अलग-अलग क्षेत्रों के संगठन पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। 5 जुलाई को एसईसीएल मुख्यालय क्षेत्र में कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात सभी क्षेत्रों में ट्रेड यूनियन संयुक्त रूप से शामिल होकर बाइक रैली, गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व में ट्रेड यूनियन की आम हड़ताल 20 मई को प्रस्तावित था, लेकिन संगठनों ने इसे स्थगित कर आंदोलन 9 जुलाई तय कर दिया था। औद्योगिक एवं श्रम क्षेत्र में केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर मजदूर संगठनों में खासी नाराजगी है। श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि केंद्र द्वारा 29 श्रम कानूनों में संशोधन किया गया और 4 श्रम सहिताएं लाई गई है जो मजदूरों के लिए नुकसानदेह हैं। 4 श्रम सहिताएं अगर लागू हो गई तो मजदूरों से हड़ताल करने व यूनियन बनाने का अधिकार भी खत्म हो जाएगा। इसके अलावा श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का निजीकरण, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पीएफ, ईएसआई और बीमा प्रदान करने के लिए एक व्यापक अधिनियम बनाने, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में रिक्तियों को भरने, ईपीएस पेंशनभोगियों के लिए न्यूनतम पेंशन निर्धारण, घरेलू कामगारों के हितों की रक्षा के लिए एक व्यापक अधिनियम लाने व अन्य मुद्दों को लेकर किया जाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# कुसमुंडा में 22 नए माइनिंग स्टॉफ का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नवपदस्थ माइनिंग सरदार जिनका किया गया स्वागत।

कुसमुंडा में 22 नए माइनिंग स्टॉफ का स्वागत किया गया। मार्च 2025 में ज्वॉइन किए हुए नवपदस्थ 22 माइनिंग सरदार का स्वागत समारोह कार्यक्रम के तहत किया गया। अशोक कुमार साहू ने सभी का कुसमुंडा परिवार में स्वागत किया एवं नई पीढ़ियों से अपनी सांख मजबूत करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हम पहले से काफी मजबूत और यूनाइट दिखाई दे रहे हैं क्योंकि हमारा स्ट्रेंथ पहले से दोगुना हो गया है। हम अपनी जायज मांगों को प्रबंधन से मनवाने, अपने कर्तव्य अपने कार्यक्षेत्र के प्रति सजगता के साथ-साथ हमारी सुविधा, आवश्यकता को पूरा कराने प्रतिबद्ध हैं। अशोक साहू ने कहा कि आप अपनी हर समस्या से हमें अवगत कराइए और जुड़े रहिए, आपकी बातों, आपकी मांगों को पूरा करने हम हमेशा तैयार खड़े मिलेंगे। इस स्वागत कार्यक्रम में मंचासिन राजेश कुमार बग्गा जो कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। साथ में अजीत सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, हरिशंकर देवांगन, रामलाल जांगड़े, जवाहर सिंह मार्को उपस्थित रहे। राजेश कुमार बग्गा एवं अजीत सिंह के द्वारा माइनिंग स्टॉफ के ग्रैविटी और एकता पर संक्षिप्त भाषण दिया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक माइनिंग स्टॉफ परिवार कुसमुंडा शामिल रहे एवं सभी ने मुक्तकंठ से कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही डिनर की शानदार व्यवस्था एवं मनोरंजन व्यवस्था के लिए कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में इनमोसा के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार टंडन एवं सचिव प्रवीण श्रीवास की विशेष एवं गरिमामय उपस्थिति रही एवं नए साथियों के स्वागत एवं भविष्य के रूपरेखा पर भाषण दिया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन बबाई राज पंडित, अभिनव कुमार, उपेंद्र कुमार, पवन कुमार, रवि प्रसाद, लक्ष्मी बोवाडे, एवं कैशियर सुरेंद्र कुर्रे के अथक प्रयास एवं मेहनत से हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ ओवरमेंन अशोक कुमार साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### चूजों को बचाने सांप से भिड़ गई मुर्गी

**कोरबा।** 1 जुलाई की रात करीब 10:25 बजे एक जहरीला नाग घर में घुस आया तब मुर्गी अपने चूजों को बचाने के लिए नाग से भीड़ गई और अपनी जान की परवाह किए बिना चूजों को बचाया। मुर्गी ने नाग के हमले का सामना किया और अपने चूजों को बचाने के लिए अपनी जान दे दी। आर सी आर एस टीम ने मौके पर पहुंचकर विषैले कोबरा का सफल रेस्क्यू किया। टीम के अध्यक्ष अविनाश यादव और सदस्य सागर व अजय ने बिना समय गंवाए सांप को पकड़ लिया। मकान मालिक द्वारिका एक्का ने बताया कि रात में लाइट गोल था तो लेट में खाना खाये और सोने की तैयारी में थे। अचानक मुर्गियों की आवाज आने लगी और जा कर देखा कि रूम से लगे कमरे में एक मुर्गी और सांप से लड़ रही थी। जहाँ मुर्गी की डसने से मौत हो गई और दूसरी अपने चूजों को लेकर बैठी हुई थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, माँ मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411